# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

25/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar (Bhopal,MP)**

# 40 जवानों की टुकड़ी जिले की भौगोलिक जानकारी जुटाएगी

## दंगे जैसी स्थिति में राज्य सरकार की मदद करेगी

भास्कर संवाददाता | शाजापुर

रैपिड एक्शन फोर्स के 40 जवानों की टुकड़ी सोमवार को शाजापुर पहुंची। यह टुकड़ी सात दिनों तक जिले के 13 थाना क्षेत्र का भ्रमण कर सांप्रदायिक दंगों, झगड़ा-फसाद सहित अपराधियों का डेटा एकत्रित कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देंगे, ताकि दंगे जैसी स्थिति में तत्काल मदद भेजी जा सके। आरएएफ की एक बटालियन मप्र सहित छत्तीसगढ़ और प्रदेश की सीमा से लगे महाराष्ट्र के क्षेत्र का भ्रमण करेगी।

आरएएफ दल का नेतृत्व कर रहे सहायक कमांडेंट बंशीलाल ने बताया 107 बटालियन के 40 सदस्य को द्रुत कार्य बल में शामिल किया है। 22 जुलाई को शाजापुर पहुंचकर अभियान की शुरुआत की गई। सांप्रदायिक दंगों या दंगों जैसी स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 15 बटालियन को विशेष प्रशिक्षण देकर अलग दल का गठन किया है। अशांति की स्थिति में कंपनियां किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहती है। जिला भ्रमण के दौरान समाज सेवा का कार्य तथा खेल स्पर्धाओं का आयोजन भी किया जाता है। इस दौरान फोर्स के निरीक्षण कुबेर नाथ यादव और शाजापुर पुलिस के एसआई इनिम टोप्पो भी उपस्थित थे।

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**

# ग्रामोदय महाविद्यालय में पूरी बटालियन के साथ किया पौधरोपण

भदरसा-अयोध्या। ग्रामोदय स्नाकोत्तर महाविद्यालय रामपुरसर्धा में प्रयागराज में तैनात 52 नक्सलियों को मारने वाले शौर्यचक्र से सम्मानित आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट चंदन कुमार ने पौधरोपण कर देश की धरा को हरा करने के लिए प्रेरित किया और सभी को वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट चंदन कुमार ने कहा कि देशभक्ति एक विरासत है जो हमें अपने पूर्वजों से मिली है। यह चिंगारी है जो देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जगाती है। एक देशभक्त व्यक्ति को हमेशा अन्य देशवासियों से सम्मान, प्यार, समर्थन और कभी न खत्म होने वाला स्नेह मिलता है। यह केवल उनके बलिदानों के कारण ही नहीं बल्कि देश के प्रति प्रेम, संरक्षण, समर्पण और स्नेह की भावनाओं के कारण भी है।

इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संदीप सिंह, आरएएफ के निरीक्षक श्याम प्रकाश पांडेय, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, प्रधान योगेश कुमार मिश्र, मुकेश प्रताप सिंह रिंकू, प्रधान फतेह मोहम्मद, डा. रामकरन वर्मा, डा. राकेश वर्मा, कृष्ण कुमार सिंह, लोकनाथ त्रिपाठी तथा आरएएफ की बटालियन में तैनात जवानों व छत्र छात्राओं ने भी पौधरोपण किया।

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**

# प्रेम समर्पण व संरक्षण की भावना है देशभक्ति : चंदन

जिला संवाददाता

अयोध्या। देशभक्ति एक विरासत है जो हमें अपने पूर्वजों से मिली है। यह चिंगारी है जो देश की भावना को जगाती है। एक देशभक्त व्यक्ति को हमेशा अन्य देशवासियों से सम्मान, प्यार, समर्थन और कभी ना खत्म होने वाला स्नेह मिलता है। यह केवल उनके बलिदानों के कारण ही नहीं बल्कि देश के प्रति प्रेम, संरक्षण, समर्पण और स्नेह की भावनाओं के कारण भी है।

उक्त बातें विकासखंड पूरा बाजार के ग्रामोदय स्नाकोत्तर महाविद्यालय रामपुर सर्धा के विहंगम प्रांगण में प्रयागराज में तैनात 52 नक्सलियों को मारने वाले शौर्य चक्र से सम्मानित आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट चंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संदीप सिंह ने असिस्टेंट कमांडें सहित पूरी बटालियन का स्वाग सम्मान किया उसके उपरां बटालियन के साथ विद्यालय मे पौधरोपण कर देश की धरा को हर करने के लिए प्रेरित किया। तथ सभी को वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई। जिंदगी ज इस बीच कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार व प्रबंधक पीएन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान महाविद्याल के प्राचार्य डॉ संदीप सिंह, आरएएफ के निरीक्षक श्याम प्रकाश पांडे, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, प्रधान योगेश कुमार मिश्र, मुकेश प्रताप सिंह रिंकू प्रधान फतेह मोहम्मद, डॉ रामकरन वर्मा, डॉ राकेश वर्मा, कृष्ण कुमा सिंह, लोकनाथ त्रिपाठी तथ आरएएफ की बटालियन में तैना जवानों व छात्र छात्राओं ने भ पौधरोपण किया।

## Amar Ujala (Prayagraj,UP)

# प्रदूषण व बीमारियों से भी लड़ना होगा

**संसू, मसौधा (अयोध्या) :** विकासखंड पूराबाजार के ग्रामोदय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 52 नक्सलियों को मारने वाले शौर्य चक्र से सम्मानित आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट चंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इसके बाद पूरी बटालियन के साथ पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा करने के लिए औरों को प्रेरित किया।

महाविद्यालय पहुंचे कमांडेंट ने कहा कि जब हम लोग धरती को हरा करने में महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे, तभी हमारे साथ आने वाली पीढ़ियां अच्छी जिंदगी जी सकेंगी। उन्होंने नक्सलियों और आतंकवादियों की तरह प्रदूषण व बीमारियों के लड़ना पड़ेगा। उन्होंने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए टिप्स दिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार व प्रबंधक पीएन सिंह ने की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## Sahara (Prayagraj,UP)

# शौर्य चक्र विजेता ने पौधरोपण के लिए बच्चों को किया प्रेरित

**माई सिटी रिपोर्टर**

हनुमतनगर। ग्रामोदय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में प्रयागराज में तैनात शौर्य चक्र से सम्मानित आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इसके बाद पूरी बटालियन के साथ विद्यालय में पौधरोपण कर देश की धरा को हरा करने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को महाविद्यालय पहुंचे प्रयागराज में तैनात 52 नक्सलियों को मारने वाले शौर्य चक्र से सम्मानित

### संवाद में बच्चों को बताए जीवन में प्रगति के टिप्स

आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट चंदन कुमार ने सबसे पहले छात्र-छात्राओं के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए इस उम्र को महत्वपूर्ण बताते हुए सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब हम लोग धरा को हरा करने में महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे तभी हमारे साथ-साथ आने वाली पीढ़ियां भी अच्छी जिंदगी जी सकेगी नहीं तो जीवन में प्रदूषण व बीमारियों से लड़ाई लड़ना पड़ेगा। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार व प्रबंधक पीएन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप सिंह, आरएएफ के निरीक्षक श्याम प्रकाश पांडेय, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, प्रधान योगेश कुमार मिश्र, मुकेश प्रताप सिंह रिंकू, प्रधान फतेह मोहम्मद, डॉ. रामकरन वर्मा, डॉ राकेश वर्मा और आरएएफ बटालियन में तैनात जवानों व छात्र-छात्राओं ने भी पौधरोपण किया।

Dainik Bhaskar (Behror,Raj.)



बहरोड़. हाईवे पर साइकिल रैली का स्वागत करते सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी व अन्य।

# सीआरपीएफ जवानों की साइकिल यात्रा का हुआ स्वागत

बहरोड़| शहर के सामुदायिक भवन में बुधवार को सीआरपीएफ के 20 जवानों की साइकिल रैली के पहुंचने पर सामाजिक संस्थाओं के नेतृत्व में रैली सदस्यों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सीआरपीएफ के जवानों द्वारा जल संवर्द्धन एवं पर्यावरण रक्षा के उद्देश्य से साइकिल रैली निकाली जा रही है। रैली के मुख्य चौराहे पर पहुंचने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं लायंस क्लब रॉयल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रैली को बैंड बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए सामुदायिक भवन लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लायंस क्लब रॉयल अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि जवानों की वजह से ही आज देश की जनता पूर्णतया सुरक्षित और विकास की ओर अग्रसर है। हमारे देश के विभिन्न जवानों ने बाढ़, आपदा, सुरक्षा सहित विभिन्न समस्याओं एवं परिस्थितियों से लड़कर शौर्य का परिचय दिया है। साइकिल रैली 850 किलोमीटर का सफर तय करके अहमदावाद से बहरोड़ पहुंची। इस दौरान मंथन फाउंडेशन के द्वारा रैली में शामिल महिला एवं पुरुष जवानों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान लायंस कमांडेंट केवल कृष्ण, सहायक कमांडेंट विभुति कुमार सिन्हा, एच.आर.मीणा, इंस्पेक्टर वर्षा शर्मा, अजीत यादव, राकेश रोहिल्ला, दिनेश अग्रवाल, अंकुर जैन, कर्मवीर यादव, एएसआई भीमसिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

Dainik Navjyoti (Behror,Raj.)

# सीआरपीएफ जवानों की साइकिल रैली का स्वागत

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

कस्बे में बुधवार को सीआईएसएफ जवानों की साइकिल रैली का स्थानीय लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। पर्यावरण बचाने स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सद्भावना का संदेश लिए सीआरपीएफ की साइकिल रैली 850 किलोमीटर का सफर तय करके बुधवार को गुजरात से बहरोड़ पहुंची। सामुदायिक भवन में विभिन्न सामाजिक संगठनों मंथन फाउंडेशन, लायंस क्लब रॉयल व आम जन द्वारा रैली का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जवानों की तरफ से पौधरोपण भी किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती और सीआरपीएफके 81 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस भव्य रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने सीआरपीएफ के जवानों का तिलक एवं अंग वस्त्र द्वारा स्वागत किया। साथ ही दिव्यांग बच्चों ने अपने हाथ से बनाये गए प्रतीक चिन्ह से अथितियों को सम्मानित किया।




Dainik Navjyoti (Debate,Raj.)

# फ्लैग मार्च निकालकर दिया शांति का संदेश

न्यूज सर्विस/नवज्योति, देवरी।

कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को थानाधिकारी सत्यनारायण जांगिड़ और थाने के जाप्ते सहित आरएएफएसी, आरपीएफ की 83 बटालियन के भानु प्रसाद मीणा सहायक कमांडेंट कस्बे के प्रमुख गली मोहल्लों चौराहों से होकर फ्लैग मार्च निकाला। कस्बाथानाथाना अधिकारी सत्यनारायण जांगिड़ ने बताया कि आगामी पंचायती राज्य चुनावों के मद्देनजर और कस्बे में फैल रहे असामाजिक तत्वों पर सतत् कार्रवाई के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकालकर कस्बे में शांति का संदेश दिया। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट भानु प्रसाद मीणा और जवानों का जाब्ता आगे चलकर कस्बे का जायजा लिया। जाप्ते में कस्बाथाना थाने के थानाधिकारी सत्यनारायण जांगिड़, कांस्टेबल लाखन सिंह गुर्जर, प्रदीप सिंह, देवरी चौकी के लाखन सिंह सहित थाने का जाब्ता भी मौजूद रहा।



फ्लैग मार्च निकालते हुए थाना अधिकारी सत्यनारायण जांगिड़।

Dainik Navjyoti (Shahbad,Raj.)

# परिचय अभ्यास का किया आयोजन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, शाहाबाद।



उपखंड मुख्यालय शाहाबाद पर शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय आदेश के अनुसार रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ की सी 83 बटालियन की एक प्लाटून को भानु प्रसाद मीणा सहायक कमांडर के नेतृत्व में 19 से 25 जुलाई तक जिला बारां के सभी पुलिस थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा है ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। लख्मीचंद उप कमांडर ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या साक्षर निरक्षर सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलाईओं की सुची तैयार की जाएगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई प्राकृतिक आपदा सांप्रदायिक तनाव एवं दंगों की स्थिति निर्मित होने पर अधिक कारगर ढंग से नियंत्रण किया जा सके। रेपिड एक्शन फोर्स ग्रामीण क्षेत्रों का भी अध्ययन करेगी। कार्यक्रम में शाहाबाद थाना अधिकारी विजय बहादुर, बीट प्रभारी अड़ीसाल एवं थाना स्टॉफ मौजूद रहा।

Dainik Bhaskar (Baran,Raj.)

# परिचय अभ्यास के लिए निकाला फ्लैग मार्च



हरनावदाशाहजी में फ्लैग मार्च निकालते आर ए एफ के जवान।

**हरनावदाशाहजी.** आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना जागृत करने तथा कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने परिचय अभ्यास किया।सुबह करीब दस बजे यहां पहुंची फोर्स ने सहायक कमांडेंट भानुप्रताप मीणा के साथ स्थानीय थानाधिकारी अब्दुल वजीद की अगुवाई में विवेकानंद सर्किल से फकीर मोहल्ला होकर प्रमुख मार्गो से मार्च किया।

Hari Bhoomi (Bhopal,MP)

# गोद लिए गांवों में जवानों ने किया सफाई कार्य

## 107 बटालियन द्रुत कार्य बल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर के समीपस्थ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 80 वां स्थापना दिवस के अवसर पर 107 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा कमांडेंट (सीसीडी) संजय कुमार के नेतृत्व में वाहिनी द्वारा गोद लिए गांव हिनौतिया, बाबुलिया डॉगी, तरावली, थानेगांव और घाटखेड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान के दौरान 107 बटालियन द्रुत कार्य बल के अधिकारीगण तथा जवानों ने गोद लिए गावों की सड़कों, रास्ते, गलियों एवं सरकारी संस्थानों जैसे स्कूल, आगनवाड़ी, पंचायत भवन एवं मंदिरों में झाड़ू लगाया।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex/Adopted Village By RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**